नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **27**
No. of Printed Pages – **4**

# UP-01-Hindi

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा – 2017

## कक्षा – 8
## हिन्दी

समय : **2.30** घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश** :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **1** से **6** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

**निर्देश** : सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. सुभागी कहानी के रचयिता कौन हैं ?
   (क) शिवानी (ख) आचार्य चतुरसेन
   (ग) प्रेमचन्द (घ) इनमें से कोई नहीं **1**

2. सुदामा के मित्र कौन थे ?
   (क) श्री राम (ख) श्री कृष्ण (ग) श्री गणेश (घ) श्री परशुराम **1**

3. ‘कुंडलियाँ छंद’ पाठ में ‘पाहुन’ शब्द का अर्थ है
   (क) मेहमान (ख) मेजमान (ग) भगवान (घ) पतवार **1**

4. शुद्ध वर्तनी का शब्द है
   (क) पूज्यनीय (ख) पुजनीय (ग) पुज्यनीय (घ) पूजनीय **1**

5. 'आँख' का पर्यायवाची शब्द है

(क) आग (ख) नयन (ग) नीर (घ) वसन **1**

6. 'मित्र' का विलोम शब्द लिखिए

(क) दोस्त (ख) शत्रु (ग) सखा (घ) बंधु **1**

**निर्देश** : अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. उपयुक्त विशेषण लगाकर कोई दो वाक्य बनाइए : **1 + 1 = 2**

(क) सीता गाना गाती है ।

(ख) रवि दौड़ता है ।

(ग) वह खाना बनाती है ।

8. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए । **1 + 1 = 2**

(क) बसो मेरे नैनन में नंदलाल ।

(ख) द्रोपदी की लाज राखी, तुरत बढ़ायो चीर ।

9. कलाम साहब ने विज्ञान विषय पढ़ने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ जरूरी बताईं ? **2**

10. निम्नांकित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए : **2**

मीठे वचन सुनाय, विनय सब ही की कीजै ।

11. सागर त्राहि-त्राहि करते हुए राम की शरण में क्यों आया ? **2**

12. पानी हमेशा ढलान की तरफ ही क्यों बहता है ? समझाइए । **2**

13. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर लिखिए : **½ + ½ + ½ + ½ = 2**

अभिमान, अपमान, प्रतिदिन, अनुशासन

14. लड़का में 'पन' प्रत्यय जोड़ने पर लड़कपन बना । इसी प्रकार 'पन' प्रत्यय जोड़कर चार नये शब्द बनाइए ।

**½ + ½ + ½ + ½ = 2**

15. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **1 + 1 = 2**

(क) दाँतों तले अँगुली दबाना

(ख) दु:ख की सीमा न रहना

16. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ जानकर वाक्य में प्रयोग करें : **1 + 1 = 2**

(क) भाल (ख) ध्वज

**निर्देश** : लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. निम्नलिखित वाक्यों में से कर्त्ता और क्रिया को छाँटकर लिखो : **2 + 2 = 4**

(क) पेड़ पर कौवा बोल रहा है ।

(ख) मैं प्रात: काल पढ़ता हूँ ।

18. 'जीप पर सवार इल्लियाँ' पाठ के आधार पर कृषि अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण क्या आपकी दृष्टि में उचित है ? तर्क सहित अपनी राय प्रकट कीजिए । **4**

19. 'दौलत पाय न कीजिए, सपने में अभिमान' – गिरधर द्वारा रचित इस पंक्ति के भाव को तर्क सहित सिद्ध कीजिए । **4**

20. पंक्तियों का सही मिलान कर सार्थक वाक्य लिखिए : **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सड़क पार करते समय | – | अंदर नहीं जाना चाहिए । |
| (ख) | सड़क दुर्घटना से बचने के लिए | – | हॉर्न सुनाई नहीं देता । |
| (ग) | गाड़ी में जोर से रेडियो बजाने से | – | सतर्क रहना आवश्यक है । |
| (घ) | प्रवेश निषेध रास्ते से | – | शीशों से लोगों को देखना चाहिए । |

21. खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब' में दी गई पंक्तियों का मिलान कीजिए : **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

| | **खण्ड 'अ'** | | **खण्ड 'ब'** |
|---|---|---|---|
| (क) | मन समर्पित | – | तुझे कुछ और भी दूँ |
| (ख) | थाल में लाऊँ | – | कमर पर ढाल मेरी |
| (ग) | बाँध दो कसकर | – | तन समर्पित |
| (घ) | चाहता हूँ देश की धरती | – | सजाकर भाल जब भी । |

22. हमें बिजली बचाने हेतु किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? **4**

23. आप अपने विद्यालय को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए क्या-क्या कर सकते हैं ? लिखिए । **4**

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2 + 4 = 6**

सीस पगा न झगा तन पै प्रभु
    जाने को अहि, बसै केहि ग्रामा ।
धोती फटी-सी लटी दुपटी अरु,
    पाँव उपानहुँ की नहीं सामा ।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक,
    रह्यो चकि सो वसुधा अभिरामा ।
पूछत दीनदयाल को धाम,
    बतावत आपनो नाम सुदामा ।

**अथवा**

वह मातृभूमि का रखवाला
आन-बान पर मिटने वाला,
स्वतन्त्रता की वेदी पर
जिसने सब-कुछ था दे डाला ।
स्वाभिमान का अटल हिमाला
कष्टों से कब डिगने वाला
जो सोच लिया कर दिखलाया
ऐसा प्रताप हिम्मतवाला ।

25. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 1 + 2 + 2 = 6**

हम जानते हैं कि लोकमान्य ने कारावास में छह वर्ष बिताए । लेकिन मुझे विश्वास है कि बहुत कम लोगों को यह पता होगा कि उस अवधि में उन्हें किस हद तक शारीरिक और मानसिक यंत्रणाओं से गुजरना पड़ा था । वे यहाँ एकदम अकेले रहे और उन्हें कोई बौद्धिक स्तर का साथी नहीं मिला । मुझे विश्वास है कि उन्हें किसी अन्य बन्दी से मिलने-जुलने नहीं दिया जाता था । उनको सांत्वना देने वाली एकमात्र वस्तु किताबें थीं और वे एक कमरे में एकदम एकाकी रहते थे । यहाँ रहते हुए उन्हें दो या तीन भेंटों से अधिक का मौका नहीं दिया गया और ये भेंट भी पुलिस और जेल अधिकारियों की उपस्थिति में हुई होंगी, जिससे वे कभी भी खुलकर और हार्दिकता से बात नहीं कर पाए होंगे ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।
(ख) लोकमान्य ने कारावास में कितने वर्ष बिताए ?
(ग) कारावास में उनको सांत्वना देने वाली वस्तु क्या थी ?
(घ) कारावास में लोकमान्य को किन यंत्रणाओं से गुज़रना पड़ा ?

26. आपके विद्यालय में कई उत्सव, त्योहार मनाए जाते हैं । किसी एक उत्सव या त्योहार का वर्णन पत्र के रूप में लिखकर अपने पिताजी को भेजिए । **6**

**अथवा**

आप झाँसी निवासी राहुल हैं । अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य महोदय को भाई की शादी के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उसमें सम्मिलित होने हेतु तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

27. निम्नांकित में से किसी **एक** विषय पर **150** शब्दों में निबन्ध लिखिए : **8**

(क) विद्यार्थी और अनुशासन
(ख) मोबाइल का बढ़ता प्रचलन
(ग) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
(घ) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत